हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–77 : जौनपुर, सोमवार 09 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## बुलडोजर पर राजनीतिः कपिल मिश्रा बोले– पहले गिरे वो कातिल बिल्डिंग तो तेजस्वी ने कहा– अहम मुद्दों से हटाया जा रहा ध्यान

नई दिल्ली ब्यूरो : शाहीन बाग में अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्रवाई से सियासी पारा हाई हो गया है। भाजपा और विपक्ष एक–दूसरे पर हमलावर हैं। शाहीन बाग में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को लेकर दिल्ली भाजपा ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा की ओर से कहा गया कि आज जो लोग शाहीन बाग में बांग्लादेशी–रोहिंग्या के अवैध ठिकानों को बचाने के लिए सड़क पर लेट गए हैं, जनता भी जल्दी उनको लेटा देगी। उधर, दिल्ली भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने उपराज्यपाल को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि आज से एक साल पहले ताहिर हुसैन की अवैध गैर कानूनी बिल्डिंग का इस्तेमाल हथियार की तरह किया गया था। इसी अवैध बिल्डिंग से बम, एसिड, गुलेल सब बरामद हुआ था। इसी बिल्डिंग में वीर आईबी अफसर अंकित शर्मा की हत्या हुई। कृपया ताहिर हुसैन की अवैध बिल्डिंग गिराई जाए। मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में सबसे पहले बुलडोजर ताहिर हुसैन की अवैध कातिल बिल्डिंग पर चलना चाहिए। मैंने ताहिर हुसैन की बिल्डिंग को गिराने के लिए एलजी को लेटर लिखा है। ये बिल्डिंग अवैध है और इसका गिरना जरूरी है। आम आदमी पार्टी विधायक ने भाजपा पर निशाना साधा है। निगम की कार्रवाई के दौरान पहुंचे अमानतुल्लाह खान ने कहा कि अब मैं आया हूं, अभी देखता हूं कहां चल रहा है बुलडोजर। मैं तीन दिन पहले आया था। लोगों से आह्वान किया। लोगों ने खुद अतिक्रमण हटा लिया। अब एमसीडी बताए कि अतिक्रमण कहां है। पुलिस और अधिकारी मुझसे बात करें। ये यहां आकर माहौल खराब कर रहे हैं, राजनीतिकरण किया जा रहा है।विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता ने कहा कि इस बुलडोजर के नाम से दिल्ली के लोगों को बर्बाद करने का प्लान बनाया गया है। बुलडोजर कार्रवाई से सियासी माहौल बनाने की कोशिश की




जा रही है। अतिक्रमण हटाना तो पहले दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता के घर से हटाएं। संविधान के दायरे में रहकर कार्रवाई की जाए। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि जिस तरह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने नेता जिन लोगों के अतिक्रमण को बचाने के लिए बुलडोजर के आगे लेटे हैं, उन्हें जनता देख रही है। उन्हें जल्द दिल्ली की जनता लेटा देगी। वे आतंकियों के समर्थन में आए हैं, वे बांग्लादेशी रोहिंग्या के समर्थन में आए हैं। उधर, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि देश में चर्चा बुलडोजर और लाउडस्पीकर पर की जा रही है, ये मुद्दा नहीं है। एक एजेंसी की रिपोर्ट है कि दिल्ली में लगभग 80–90 फीसदी निर्माण अवैध हैं, तो क्या पूरी दिल्ली पर बुलडोजर चलाया जाएगा। बेरोजगारी और महंगाई से ध्यान हटाने के लिए ये सब हो रहा है।

## विकास दुबे की 67 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त : कानपुर देहात व लखनऊ की अन्य संपत्ति की भी तलाश

कानपुर ब्यूरो : बिकरू कांड के बाद एनकाउंटर में मारे गए हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे और उसके रिश्तेदारों की 67 करोड़ की संपत्तियां जब्त कर ली गई हैं। विकास दुबे को यूपी पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था। इसके बाद एसपी आउटर की रिपोर्ट पर डीएम कोर्ट ने उसकी संपत्तियों को अटैच करने का आदेश दिया। इन जब्त हुई संपत्तियों में विकास दुबे की पत्नी की संपत्ति, मां की संपत्ति और दोनों बेटों की संपत्ति शामिल है। प्रशासन द्वारा अटैच की गई संपत्तियों में बिकरू, चौबेपुर, कानपुर देहात और लखनऊ में स्थित 13 अचल और 10 चल संपत्तियां शामिल हैं। अब इन संपत्तियों पर तहसीलदार स्तर का अधिकारी बतौर रिसीवर तैनात होगा। इसके अलावा कानपुर देहात और लखनऊ डीएम को रिसीवर बैठाने के लिए पत्र भेजा जाएगा।

## वाहन चोर गैंग के तीन सक्रिय सदस्य पुलिस की गिरफ्त में

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : कैंट पुलिस ने कार्मल रोड तिराहा पर चेकिंग के दौरान एक पल्सर पर सवार 3 लोगो को रोका और उनसे पूछताछ कर गाड़ी के कागजात मांगे।लेकिन उन लोगो के पास कोई कागज नहीं था कड़ाई से पूछताछ में इन लोगों के द्वारा पता चला कि यह वाहन चोर गैंग के सदस्य हैं और भीड़भाड़ वाले जगहों से गाड़ी को चुराकर सुनसान जगह पर रख देते थे।बाद में सही समय पर ग्राहक मिलने पर वाहनों को बेच दिया करते थे।फिर उसका पैसा आपस में बाट लेते थे।फिर उसी पैसे से अपना शौक को पूरा करते थे।इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए हुए 4 मोटरसाइकिल बरामद किया है। जिनमें एक बजाज पल्सर,एक हीरो होंडा स्प्लेंडर, हीरो एचएफ डीलक्स के अलावा एक एक्टिवा गाड़ी बरामद किया है पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि यह भीड़ भाड़ वाले जगहों से वाहनों की चोरी किया करते थे पल्सर गाड़ी को इन लोगों ने बारामनगर करजहा से 1 महीने पहले चोरी किया था इसके अलावा एक वाहन के चोरी का मुकदमा खोराबार थाने में पहले से दर्ज है बाकी दो वाहनों के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है चोरी के वाहनों को यह लोग एक्सीडेंटल अस्पताल के बगल में बने झोपड़पट्टी के पीछे छिपा कर रख देते थे और ग्राहक के मिलने पर गाड़ियों को वहां से निकाल कर बेच देते थे।गिरफ्तार अभियुक्त सोनू कुमार डोम पुत्र मिंटू डोम जो कैंट थाना क्षेत्र का रहने वाला है यह पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। बाकी दो



आरोपियों के बारे में पुलिस से जानकारी कर रही और उनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी हासिल करने में लगी हुई है।फिलहाल कैंट पुलिस को बड़ी सफलता मिली और पुलिस ने इन चोरों की निशानदेही पर चोरी के चार मोटरसाइकिल बरामद किया है।क्षेत्राधिकारी कैंट श्याम देव बिंद ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि कैंट पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान ऐसे 3 शातिर वाहन चोर जिनमे सोनू कुमार डोम,अविनाश कुमार डोम और सुहेल हासमी को गिरफ्तार किया है। जो भीड़भाड़ वाले जगहों से दोपहिया वाहनों को चोरी करते थे।और पर्स भी लेकर भाग जाते थे इनमें से एक आरोपी पहले भी चोरी की घटना में जेल जा चुका है बाकी आरोपियों के बारे में पूछताछ चल रही है। गिरफ्तार वाहन शातिर किस्म के हैं और यह भीड़ भाड़ वाले लोगों से दोपहिया वाहनों पर भी चुरा कर फरार हो जाते थे बरामद वाहनों के मालिकों को सूचना दे दी गई है और अंजू गाड़ी है उनके बारे में भी पता किया जा रहा है।

## मान्यता प्राप्त संस्थाओं को मास्टर डाटाबेस जोड़ने तथा छात्र छात्राओं को आनलाइन आवेदन करने के लिए नवीन समय–सारिणी निर्गत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा यह निर्देश के क्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं को अवगत कराया है कि कक्षा 11–12 एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2022–23 के लिए नवीन मान्यता प्राप्त संस्थाओं को मास्टर डाटाबेस जोड़ने तथा छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन करने के लिए नवीन समय–सारिणी निर्गत की गयी है। प्रक्रियात्मक कार्यवाही (प्रथम चरण) कक्षा 11–12 एवं अन्य समस्त दशमोत्तर कक्षाओं हेतु (2022–23) मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करने की कार्यवाही शिक्षा विभाग/ विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंग एजेंसी के माध्यम से किया जाना तदोपरान्त पासवर्ड प्राप्त करना, मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर/अपलोड करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करना, मास्टर डाटा में पूर्व में सम्मिलित संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक इत्यादि डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने की तिथि 05 मई से 06 जून 2022 तक है। छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि 10 मई से 07 जुलाई 2022 तक है। छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नको सहित विद्यालय में जमा किये जाने की तिथि 11 जुलाई 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रो का शिक्षण संस्थान द्वारा समस्त अभिलेखो को मिलान किया जाना एवं पात्र/अपात्र आवेदनों को सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 15 मई से 13 जुलाई 2022 तक, प्रक्रियात्मक कार्यवाही (द्वितीय चरण) कक्षा 11–12 एवं अन्य समस्त दशमोत्तर कक्षाओं हेतु (2022–23) मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करने की कार्यवाही शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी के माध्यम से किया जाना तदोपरान्त पासवर्ड प्राप्त करना, मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर/अपलोड करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करना, मास्टर डाटा में पूर्व में सम्मिलित संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक इत्यादि डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने की तिथि 11 जुलाई से 22 अगस्त 2022 तक, छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि 08 जुलाई 2022 से 07 नवम्बर 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नको सहित विद्यालय में जमा किये जाने की तिथि 10 अक्टूबर 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रो का शिक्षण संस्थान द्वारा समस्त अभिलेखो को मिलान किया जाना एवं पात्र/अपात्र आवेदनों को सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 10 जुलाई 2022 से 15 नवम्बर 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा त्रुटियों को ठीक करते हुए वांछित संलग्नको सहित हार्डकापी शिक्षण संस्था में जमा किये जाने की तिथि 02 से 15 दिसम्बर 2022 तक, त्रुटियों को ठीक करके छात्र द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रों का विद्यालय द्वारा संलग्न अभिलेखो से मिलान करके आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 03 से 27 दिसम्बर 2022 तक किया जायेगा। उन्होंने समस्त शिक्षण संस्था/ विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी उपरोक्त समय–सारिणी के अनुसार अपनी–अपनी संस्थाओं को सूचित करते हुए कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

## लायंस क्लब क्षितिज ने मातृ दिवस के अवसर पर वृद्ध आश्रम में माताओं को दिया वस्त्र व फल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की अग्रणी समाजसेवी संस्था लायंस क्लब क्षितिज ने प्रेमराजपुर स्थित वृद्ध–आश्रम में मातृ दिवस के अवसर पर बुजुर्ग माताओं को साड़ी व फल वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने की कोशिश की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही लायनेस चेयर पर्सन चेतना साहू ने कहा माताओं की सेवा करके वह अपने आप को बहुत ही आनंदित महसूस कर रही हैं। यह हमारे लिए बहुत ही गर्व का क्षण है। लायनेस जोन चेयर पर्सन अर्चना सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं बहुत ही खुशनसीब हूं कि मुझे दो–दो माताओं का आशीर्वाद मिला। शादी के पहले मां का आशीर्वाद और शादी के बाद सासू मां का प्यार हमें सदैव मिलता रहा। जिसके कारण आज मैं यहां तक पहुंची हूं इस मातृ दिवस के अवसर पर मैं सभी माताओं को प्रणाम करती हूं और उम्मीद करती हूं कि आप लोगों का प्यार व आशीर्वाद सदैव यूं ही हमें मिलता रहे। संस्थापक अध्यक्ष लायन शशांक सिंह रानू ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है व ईश्वर की कृपा है कि हम लोग आप सभी के बीच उपस्थित होकर आप सभी माताओं का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला। यदि आप लोगों को किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता हो तो निसंकोच हम से कहें। हमारी संस्था उस कार्य को करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। जोन चेयर पर्सन दिलीप सिंह ने कहा कि माताएं हमारी पहली मार्गदर्शक व गुरु होती हैं। वह बहुत खुशनसीब होते हैं जिनके ऊपर यह ममता रूपी चादर सदैव सहारे के रूप में बनी रहती है। प्रथम उपाध्यक्ष लायन विष्णु सहाय जी ने कहा कि माता का स्थान तो ईश्वर से भी ऊपर होता है और माता की तुलना किसी से नहीं की जा सकती है, वह अतुलनीय है। मैं उन सभी माताओं को प्रणाम करता हूं जिन्होंने अपने खून, पसीने व अपनी मेहनत से हम लोगों को यहां तक पहुंचने के काबिल बनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभासद लायन जगदीश मौर्य गप्पू जी भी उपस्थित रहे उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि कोई भी आवश्यकता हो तो निसंकोच कह सकते हैं मैं भरसक कोशिश करूंगा कि आप की आवश्यकताएं पूरी की जा सके। लायन धर्मेंद्र सेठ ने कहा कि माँ वह



है जो हमें जन्म देती है, यही कारण है कि संसार में हर जीवनदायनी वस्तु को माँ की संज्ञा दी गयी है जैसे पृथ्वी मां हमें अन्न देती है, गंगा मां हमें जल देती है। यदि हमारे जीवन के शुरुआती समय में कोई हमारे सुख–दुख में हमारा साथी होता है तो वह हमारी माँ ही होती है। माँ हमें कभी इस बात का एहसास नही होने देती की संकट के घड़ी में हम अकेले हैं। मां का मतलब ही है प्यार व त्याग की मूर्ति। लायन सर्वेश जयसवाल ने सभी माताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया व कहा की आप सभी माताओं का आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे। लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष लायन जय कृष्ण साहू जैकी ने आए हुए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया व सभी माताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा मैं अध्यक्ष रहूं या ना रहूं हमारी संस्था सदैव आपकी जरूरतों को पूरी करने के लिए हर संभव मदद करती रहेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव लायन प्रदीप सिंह ने किया। उन्होंने कहा की हमारी छोटी सी कोशिश से यदि आपके चेहरे पर थोड़ी सी भी मुस्कान आ पाई है तो इसके लिए हमारी संस्था स्वयं को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही है। इस सेवा कार्य में कोषाध्यक्ष लायन अजीत सोनकर, लायन कौशल त्रिपाठी, लायन अतुल चतुर्वेदी, लायन दीपक साहू, लायन सुनील कनौजिया, रवि चौबे, लायनेस सीमा सहाय, लायनेस उमा गुप्ता, लियो खुशी आदि लोग उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## उमानाथ सिंह लॉ कॉलेज जौनपुर में हुआ स्मार्टफोन टेबलेट वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शासन के निर्देश पर उमानाथ सिंह लॉ कॉलेज जौनपुर में स्मार्टफोन एवं टेबलेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ दिलीप तिवारी ,डॉ सर्वेंद्र कुमार मिश्र, डॉ आशुतोष मिश्र कार्यालय अधीक्षक सुभाष चंद्र पाल, नीतीश कुमार बरनवाल, रमेश पांडे ,नरेंद्र कुमार सिंह, राघवेंद्र शुक्ला, प्रमोद, मुन्नी देवी उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता डॉ दिलीप कुमार तिवारी ने किया। इस



अवसर पर 140 छात्रों को स्मार्टफोन एवं टेबलेट प्रदान किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि दिलीप कुमार तिवारी ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार की छात्रों में डिजिटल कौशल के विकास हेतु यह सराहनीय स्कीम है इससे हमारे छात्र तकनीकी रूप से दक्ष होकर अपना विकास कर सकते हैं साथ ही साथ आर्थिक रूप से स्वावलंबी भी बन सकते हैं।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रबंधक डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही इस योजना की भूरि –भूरि प्रशंसा की और कहा जिस प्रकार से कोरोना काल में लोग अपने घरों में कैद हो गए थे, ऐसे समय में जब ऑनलाइन कक्षाएं चलाई जा रही थी तो हमारा कॉलेज ग्रामीण परिवेश में था छात्रों को बहुत सारी दिक्कतें होती थी, अब छात्र स्मार्टफोन और टेबलेट पाकर तकनीकी रूप से दक्ष होंगे और वह ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ सर्वेंद्र कुमार मिश्रा छात्र–छात्राएं पंकज कुमार प्रजापति ,पंकज मिश्रा , नवीन प्रजापति, मनीष कुमार यादव, वैभव कुमार यादव सनी, आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## 10 मई को विकास खण्ड–सिकरारा में चिन्हांकन शिविर का होगा आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में 10 मई 2022 को विकास खण्ड–सिकरारा में दिव्यांगजनों के आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार अनुमन्य सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, हियरिंग एड आदि उपलब्ध कराने तथा शल्य चिकित्सा योजनान्तर्गत काक्लियर इम्पलांट के लाभार्थियों एवं जिनके हाथ–पैर नहीं उनके कृत्रिम हाथ पैर लगवाने हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने विकास खण्ड–सिकरारा के दिव्यांगजनों को अवगत कराया है कि 10 मई 2022 को चिन्हांकन शिविर में पहूॅचकर अपना रजिस्ट्रेशन कराये, जिससे कि उनके आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण दिये जाने हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

## जनपद में 12 मई 2022 को होगा रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर जौनपुर में पंजीकृत बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का आयोजन 12 मई 2022 को प्रातः 10 बजे कार्यालय कैम्पस में किया गया है, इसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, जो साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर भर्ती करेगी।रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को विभाग के वेब पोर्टल. www.sewayojan.up.nic.in पर अपना आनलाइन पंजीयन एवं अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी पूफ सहित प्रतिभाग कर सकते। जनपद के बेरोजगार युवक–युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
फल प्राप्ति तभी संभव है जब कर्मों का बीज बोया जाये।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# 48 क्षयरोगियों को गोद ले स्वास्थ्य और पोषण की जिम्मेदारी निभा रही रेडक्रॉस सोसाइटी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में गोष्ठी हुई। अध्यक्षता कर रहीं सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने कहा रेडक्रॉस सोसाइटी ने जनपद के बड़ी संख्या में जरूरतमंदों की मदद की है। 48 क्षयरोगियों को गोद लेकर उनके पोषण और स्वास्थ्य की देखभाल में सहयोग कर रही है। राजकीय लीलावती महिला चिकित्सालय में रेडक्रॉस के लिए नया भवन बनकर तैयार है। इसमें ब्लड बैंक की स्थापना की जाएगी जो जरूरतमंदों को निःशुल्क ब्लड प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के हाथों कुपोषित और गरीब बच्चों को ड्राई फ्रूट और पौष्टिक आहार का वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ राजीव कुमार ने रेडक्रॉस संस्था के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के लोगों की सहायता करना है। इस संगठन से दुनियाभर के लोग जुड़े हुए हैं। जो महामारी प्राकृतिक आपदा और युद्ध के दौरान लोगों की मदद करते हैं। हर साल विश्व रेडक्रॉस दिवस अलग–अलग संदेशों के साथ अलग–अलग थीम्स पर मनाया जाता है। इस वर्ष के लिए विश्व रेडक्रॉस दिवस की थीम है–मानव दयालु बनें। रेडक्रॉस दुनियाभर में अलग–अलग आपदाओं के समय लोगों की मदद को आगे आती रही है। उन्होंने बताया कि स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर में 8 मई 1828 को जन्मे हेनरी ड्यूनेंट रेडक्रॉस के जन्मदिवस पर हर वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है। वह ही रेडक्रॉस संस्था के संस्थापक थे। हेनरी ड्यूनेंट स्विस मानवतावादी, व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता थे। 1859 में इटली में हुई भयंकर जंग में कई सैनिकों की मौत हो गई और लाखों घायल हो गए थे। घायलों का हाल देख हेनरी ने गांव के लोगों के साथ मिलकर उन सैनिकों की मदद की। इसके बाद 1863 में उन्होंने एक कमेटी बनाई जिसका नाम इंटरनेशनल कमेटी आफ द रेडक्रॉस रखा। विश्व रेडक्रॉस दिवस पहली बार 1948 में मनाया गया। गोष्ठी में रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य पवन सिंह, आयुष्मान भारत योजना के जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक हिमांशु शेखर सिंह, डीसीपीएम मोहम्मद खुबैब, ईपीडिमियोलाजिस्ट डॉ जिया–उल–हक आदि मौजूद रहे। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में लखनऊ में चल रहे कार्यक्रम शामिल हुई।

# दलित युवक की हत्या : भीम आर्मी के कार्यकताओं ने दो घंटे किया सडक जाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना के ग्राम पंचायत रामपुर खुर्द के मुबारकपुर बाजार मे एक दलित युवक का शव एक दुकान की सीढीओ पर सोमवार की सुबह मिला। युवक रविवार रात से ही गायब था मौके पर पहुचे परिजन व भीम आर्मी के कार्यकर्ता, महिलाए सडक पर बैठकर बंधावा बाजार –भटहर मार्ग दो घंटे तक जाम कर दिया सीओ के समझाने पर लोग माने तब पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीरगंज थाना के रामपुर खुर्द गाँव निवासी जीत लाल गौतम 24 वर्ष पुत्र लालजी बीती रात घर से गायब था सुबह उसका शव घर से दो सौ मीटर दूर मुबारक बाजार मे चांदनी डिजिटल विडियो ग्राफी की दुकान की सीढीओ पर मिला तो परिजन भी मौके पर पहुच गये। मृतक की भांजी गुंजा ने बताया की रात मे साढे आठ बजे दो बाइक सवार जीत लाल को बैठाकर ले गये थे रात मे ही उसका मोबाइल बंद आ रहा था रात मे ही परिजन उसे काफी ढुढा वह नही मिला। सुबह अगल बगल के दुकानदार मौके पर पहुचे तो मृतक का शव सीढीओ पर पडा था जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर आ गये ग्रामीणों के मुताबिक मृतक के चेहरे पर चोट के निशान है । मृतक मजदूरी करके जीविका चलाता है उसको एक वर्ष का बेटा समीर है ११ साल पहले शादी हुई थी पत्नी सरिता कुछ दिन पहले मायके गयी थी सूचना पर वह भी मौके पर पहुच गयी। सूचना पर मीरगंज थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिह सीओ अतर सिह मौके पर पहुच गये। सुबह साढे सात बजे भीम आर्मी के लोगो के पहुचने के बाद बंधावा भटहर सडक को जाम कर दी गयी है उच्चअधिरारियो को मौके पर बुलाने की मांग की जा हो रही थी इसबीच मृतक की मा फूला देवी की तहरिर पर पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है सीओ मछलीशहर अतर सिह के समझाने पर भीम आर्मी के कार्यकर्ता दो घंटै बाज साढे नौ बजे जाम खाली किया पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनो ने सीओ को मांग पत्र भी सौपा है जिसमे सरकारी योजनाओं का लाभ मृतक परिवार को दिया जाय साथ ही आर्थिक मदद की जाय तथा आरोपीयों को जल्द गिरप्तार किया जाय शामिल है।

## समय–सारिणी में दी गयी व्यवस्थानुसार समयबद्ध ढंग से कार्य कराना सुनिश्चित करे विद्यालय : निदेशालय समाज कल्याण लखनऊ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा यह निर्देश के क्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद में संचालित (पूर्वदशम कक्षा 9–10) समस्त शिक्षण संस्थाओं को अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2022–23 पूर्वदशम् (कक्षा 9–10) छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत नवीन संस्थाओं को मास्टर डाटाबेस जोड़ने तथा छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन करने के लिए समय–सारिणी निर्गत की गयी है, जो निम्न प्रकार है। प्रक्रियात्मक कार्यवाही (प्रथम चरण) कक्षा 9–10 हेतु मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना, जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना, तद्पोरांत पासवर्ड प्राप्त करना एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर/अपलोड करके प्रमाणित करने की तिथि 10 से 31 मई 2022 तक है। छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन करने की तिथि 18 मई से 01 जुलाई 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नको सहित विद्यालय में जमा करने की तिथि 05 जुलाई 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखो से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रो का डाटा निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 20 मई से 07 जुलाई 2022 तक है। प्रक्रियात्मक कार्यवाही (द्वितीय चरण) में कक्षा 9–10 हेतु मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना, जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना, तद्पोरांत पासवर्ड प्राप्त करना एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर/अपलोड करके प्रमाणित करने की तिथि 20 जुलाई से 16 अगस्त 2022 तक है। छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि 02 जुलाई 2022 से 07 अक्टूबर 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नको सहित विद्यालय में जमा किये जाने की तिथि 14 अक्टूबर 2022 तक, आनलाइन आवेदन पत्र में छात्र/छात्राओं द्वारा त्रुटियो को ठीक करने की तिथि 05 से 15 नवम्बर 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा त्रुटियों को ठीक करते हुए वांछित संलग्नको सहित हार्डकापी शिक्षण संस्था में जमा किये जाने की तिथि 18 नवम्बर 2022 तक, त्रुटियों को ठीक करके छात्र द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रों का विद्यालय द्वारा संलग्न अभिलेखो से मिलान करके आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित 07 से 24 नवम्बर 2022 तक किया जायेगा। उन्होंने समस्त विद्यालयों को अवगत कराया है कि उपरोक्त समय–सारिणी में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अपने–अपने विद्यालयों में समयबद्ध ढंग से कार्य कराना सुनिश्चित करें।

# 170 छात्र–छात्राओं को बांटा गया स्मार्टफोन

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के रघुवीर महाविद्यालय, थलोई, भिखारीपुर कला में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए स्मार्टफोन वितरित किया गया। वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हरगोविंद तिवारी के हाथों 170 स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री गौरी शंकर संस्कृत महाविद्यालय सुजानगंज के प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज छात्रों के तकनीकी विकास एवं



तकनीकी शिक्षा के विकास हेतु यह कार्य किया गया है। इसके माध्यम से छात्र शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं इस कोविड–19 के दौर में यह एक श्रेष्ठ शिक्षण सामग्री के रूप में है। छात्र स्मार्टफोन प्राप्त कर बहुत अधिक प्रसन्न हुए एवं माननीय मुख्यमंत्री जी को बहुत–बहुत धन्यवाद दिया ।इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अवधेश कुमार श्रीवास्तव, अवधेश तिवारी, जितेन्द्र सिंह, अशोक पटेल, अनुपम यादव, डॉक्टर शारदा प्रसाद सिंह, अभिषेक तिवारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक मिश्रा ने किया।

# कुलपति ने 51 गरीबों को किया खाद्यान्न का वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.निर्मला एस.मौर्य ने जसोपुर,करंजाकला बनवासी–मुसहर बस्ती में 51 गरीबों कोनिजी तौर पर खाद्यान्न के दस–दस किलोग्राम के पैकेट वितरित किया ।कुलपति ने एक– एक महिला से उनकी समस्याओं की जानकारी लिया तथा विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं के कौशल विकास के लिए



महिला अध्ययन केंद्र के माध्यम से सिलाई– कढ़ाई,दीपक,अगरबत्ती आदि दिए जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षणों के बारे में बताया। रासेयो समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव ने वहां उपस्थित छात्रों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा चलाई जा रही प्रेरणा निःशुल्क कोचिंग के बारे में बताया तथा अभिभावकों से बच्चों को पढ़ने के लिए भेजने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी महिला अध्ययन केंद्र एवं समन्वयक मिशन शक्ति डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने महिलाओं से विभिन्न प्रशिक्षण लेकर सामान बनाकर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेला एवं सावन मेला में अपने सामान को बेंचकर अर्थोपार्जन करने का आह्वान किया। इस अवसर परडॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय कुमार वर्मा,इसरार, मन्ना, मनोज, विजय प्रताप सहित अजय वर्मा, विवेक पांडेय,आलोक मौर्य, शिवम मिश्रा, विकास यादव, सनी सरोज, आनंद सिंह आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## संघ कार्यालय पर हुआ सुन्दरकाण्ड का पाठ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कृपाशंकर नगर स्थित जिला संघ कार्यालय में स्वयंसेवको ने सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया । इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक ओमप्रकाश द्वारा भगवान रामचन्द्र एवं हनुमान की पूजा अर्चना करवा कर सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।तत्पश्चात दियांवा महादेव मंदिर के पुजारी एवं उनके साथियों ने साज बाज के साथ सुन्दरकाण्ड पाठ किया। अंत में सभी ने हनुमान चालीसा पढ़ा एवं आरती की । इसके बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में संघ के नगर प्रचारक ऋषभ जी, अरविन्द जी, रामविलास सिंह, संतोष तिवारी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल, भाजपा नेता रामलखन मौर्य, इंद्रेश तिवारी, अभिषेक सिंह, रामचंद्र बिन्द, राजेन्द्र, डॉ. जी एस यादव, डॉ. विनोद मिश्र, राजेश उमरवैश्य सहित नगर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता आरके सिन्हा का आगमन 22 मई को

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा के राष्ट्रीय नेता व भाजपा के संस्थापक सदस्य आर के सिन्हा जी पूर्व राज्यसभा सांसद का आगमन जौनपुर 22 मई रविवार को हो रहा है। श्री सिन्हा जौनपुर में 22 को शाम को 6 बजे से मंगलम लान सिविल लाइन्स में आयोजित पूर्वांचल संगत पंगत में भाग लेंगे उनके साथ संगत पंगत के प्रदेश



संयोजक/प्रदेश अध्यक्ष मनोज लाल एडवोकेट का भी आगमन हो रहा है। विदित हो की रविन्द्र किशोर सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ नेता के साथ ही संगत पंगत के संस्थापक भी है व कायस्थ समाज के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष है। आर के सिन्हा जी के जौनपुर आगमन पर कायस्थ समाज व भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं और जगह जगह जोरदार स्वागत की तैयारी कर रहे है । उक्त आशय की जानकारी संगत पंगत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार व संगत पंगत के उपाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव पत्रकार ने दिया।

## युवाओं के सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ रही– हमाम वहीद

मृत्युन्जय प्रताप सिंह सुल्तानपुर : कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं के लिए एक ऐसा मंच सजा रही है जिससे निर्भीक युवा अपनी आवाज को ताकत दे सकते हैं और अपने स्थानीय मुद्दे को राष्ट्रीय पटल पर रख सकते हैं क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से भारतीय जनता पार्टी ने देश की आवाज को दबाने का काम किया लेकिन कॉन्ग्रेस उनके इस षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगी देश



के युवाओं को ताकत देने का काम अब कांग्रेस पार्टी करेंगे इसीलिए भारतीय युवा कांग्रेस यंग इंडिया के बोल राष्ट्रीय स्त्री भाषण प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश में कर रही हैं। उक्त बातें कांग्रेस प्रवक्ता हमाम वहीद ने सुल्तानपुर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा यंग इंडिया के बोल उन युवाओं के लिए एक ऐसा मंच जो निडर जिनके अंदर क्षमता है देश की आवाज को ताकत देने के लिए ऐसे युवाओं से अनुरोध हम करते हैं इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। भारतीय जनता पार्टी में देश के युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनके मन में नफरत का बीज बोया है। जिससे युवाओं में आक्रोश हताशा है कांग्रेस ऐसे युवाओं को राष्ट्रीय पटल पर मुद्दे उठाने की ताकत देने का काम करेगी। जिला अध्यक्ष वरुण मिश्रा ने कहा कि देश का युवा अब जाग चुका है वह भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाले और अब देश के युवाओं को मूल मुद्दे से भटकाया नहीं जा सकता। प्रदेश महासचिव शकील अंसारी ने कह मां का सम्मान और युवाओं के स्वाभिमान की लड़ाई केवल कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के पूरे देश के युवा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ लामबंद हो चुके है, क्योंकि भाजपा ने युवाओं को सिर्फ ठगने का काम किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आवेश अहमद शाहबाज खान अभिषेक सिंह हनुमान यादव संतोष वर्मा गौरव सिंह फैजान अंसारी, संजय यादव, सौरभ द्विवेदी, प्रीतम सिंह, राहुल तिवारी, धनंजय शुक्ला अमरेश पाठक, प्रेम प्रकाशअग्रहरि, तहसीन अहमद आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एम0ए0सी0पी0 के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु आयोजित प्री–ट्रायल बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश एम0 पी0 सिंह के कुशल निर्देशन में 14 मई 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में याची एवं बीमा कम्पनियों के अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर मनोज कुमार सिंह गौतम की अध्यक्षता एवं सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत के संयोजन में 09 मई 2022 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जौनपुर में समय प्रातः 11:30 बजे बैठक आहूत की गयी। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जौनपुर मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा के अधिकतम मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करायें जाने हेतु प्रेरित किया गया। उपस्थित अधिवक्ता गण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। अब तक एम0ए0सी0टी0 के कुल 103 मुकदमें लोक अदालत हेतु चिन्हित किए जा चुके है। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा सुलह–समझौते के माध्यम से आगामी लोक अदालत में एम0ए0सी0टी0 के अधिकतम मामलों का निस्तारण कराये जाने की अपील की गयी तथा बताया गया कि लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराना एक सहज और सरल प्रक्रिया है, जिसमें समय एवं अन्य व्यय के भार से बचा जा




सकता है। लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित मामलों के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है। बैठक में एम0ए0सी0टी0 के विद्वान अधिवक्तागण हिमांशु श्रीवास्तव, राना प्रताप सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, शोभनाथ यादव, ईश्वर सिंह यादव, जयप्रकाश पटेल, सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय, अवधेश कुमार यादव, शादाब अख्तर, अनिल सिंह, अशोक कुमार, मंगला प्रसाद सिंह, जगदीश पाण्डेय, दिलीप श्रीवास्तव, सूर्यप्रकाश सिंह, विनय सिंह, शनि यादव, रवीन्द्र विक्रम सिंह, सुरजीत सिंह, सुनील कुमार, निलेश यादव, बिजेन्द्र कुमार, शहबाज कैसर, बृजेश निषाद, अरविन्द कुमार आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में पारिवारिक/दाम्पत्य विवादों का प्री–लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण हेतु गठित पीठों द्वारा बैठक की गयी जिसमें तीन मामले में पक्षकारों द्वारा समझौता पत्र दाखिल किया गया।

# इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी लखनऊ द्वारा रेडक्रास भवन कैसरबाग में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रास दिवस के अवसर पर इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी, लखनऊ द्वारा रेडक्रास भवन, कैसरबाग में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस में उत्कृष्ट कार्य करने पर अध्यक्ष रेडक्रॉस/जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष आकांक्षा समिति डॉक्टर अंकिता राज के द्वारा लिखी गई पुस्तक को जिलाधिकारी व रेडक्रॉस के सचिव डा0 मनोज वत्स के द्वारा मा0 राज्यपाल महोदया को सप्रेम भेंट किया गया।मा0 राज्यपाल ने सम्बोधित करते हुए सभी को रेडक्रास दिवस और मातृ दिवस पर बधाई दी और कहा कि रेडक्रास का एक ही मकसद है–पीड़ित मानवता की सेवा करना और दूसरों को इसके लिये प्रोत्साहित करना। समाज में निर्माण, प्रगति और सफाई कार्यों में लगे मजदूरों के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने पर विशेष जोर दिया। कोरोना काल में विशेष सेवाएं देने वाले कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और स्वयं सेवी संस्थाओं को भी सम्मानित करने की चर्चा करते हुए कहा कि वास्तव में मानव कल्याण ही सबसे बड़ी सेवा है और जरूरतमंदों सहायता के लिए हम सभी को सोचना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता कम होने पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी को इसके लिये अभी बहुत मेहनत करनी है। इस कार्य में सरकार के साथ ही स्वैच्छिक संगठनों सहित सभी भागीदारों को मिल–जुलकर प्रयास करने होंगे। प्रदेश को टी0बी0 मुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में तथा कोरोना काल में पीड़ितों को सोसाइटी द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की। रेडक्रास सोसाइटी



के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उनसे समाज के सभी वर्गों, विशेषकर निर्धन और असहाय लोगों का विशेष ध्यान रखने की अपेक्षा की। रेडक्रॉस को आगामी 21 जून को योग दिवस पर ग्राम स्तर तक जन समुदाय को जोड़ने के लिए कहा। समारोह में उत्तर प्रदेश रेडक्रॉस अवार्ड से 41 महानुभावों को उनके विशिष्ट सेवा कार्यों के लिए प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सोसाइटी द्वारा आयोजित कराई गई विविध प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट कर्मचारियों के द्वारा जिलाधिकारी का जोरदार स्वागत किया गया, सभी ने बधाई देते हुए कहा कि जनपद के लिए यह बड़े ही गर्व की बात है। रेडक्रास भवन, कैसरबाग में डा0 संदीप पाण्डेय, डा0 अन्जू सिंह, डा0 अर्चना शुक्ला एवं कलेक्ट्रेट में अध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ शिव मोहन श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ विजय प्रताप सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, राजीव श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग मंडल जौनपुर द्वारा ईद मिलन समारोह का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय उद्योग मंडल जौनपुर द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन जौनपुर शहर स्थित टाउनहाल के मैदान पर आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम का उद्घाटन हिन्दू धर्म गुरू अवधेश चंद्र चतुर्वेदी व मुस्लिम धर्म गुरू मौला वसीम शेरवानी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मशहूर शायद अंसार जौनपुरी ने हिन्दु मुस्लिम एकता के गीत ''यहां पर मत बांटो त्रिशुल, यहां पर मत बांटो तलवार, राम की नगरी में रावण की नहीं चलेगी यार, यहां पर मत बांटो तलवार'' पढ़कर किया। उक्त अवसर पर तमाम जाने–माने शायर व कवि मौजूद रहे। जिसमें कवित्री विभा त्रिपाठी, अकरम जौनपुरी, शमीम जौनपुरी, डा. प्रमोद वाचस्पति, रामिस मड़ियावी, शमीम जौनपुरी, वकार मड़ियावी, मौनिस जौनपुरी, अहमद गाजीपुरी जैसे तमाम जाने–माने शायरों ने गीत व गजल गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने कहा कि हिन्दुस्तान में जौनपुर एक ऐसा शहर है जिसकी गंगा–जमुनी तहजीब की महक पूरे मुल्क में फैली हुयी है।



यहां की सबसे खुबशूरत बात यह है कि हिन्दु व मुस्लिम ईद व होली जैसे तमाम त्योहार एक साथ मिलकर मनाते है। नगर अध्यक्ष अनवारूल हक गुड्डू ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग मंडल का इतिहास रहा है कि हमने हमेशा चाहे संघर्ष का मसला रहा हो अथवा सामाजिक एकजुटता का हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर व्यापार मंडल साथ–साथ चलने का काम किया है। वहीं नगर महामंत्री अमरनाथ मोदनवाल व जिला युवा अध्यक्ष संजीव साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि व्यापार मंडल ने हमेशा एकजुटता के किसी भी प्रयास को कभी छोड़ा नहीं काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तथा जौनपुर के स्थानीय मामलो में कभी भी कोई उतार चढ़ाव आया है तो व्यापारियों से अपील करके चाहे आर्थिक समस्या हो या सामाजिक विपन्नता हर मसले को हल करने के लिए व्यापारियों से मिलकर तमाम मामलों को हल कराने का कार्य सुगमता से किया है। उक्त अवसर पर आनंद जायसवाल, पवन जायसवाल, बिनोद साहू, राजीव कुमार साहू (बबलू), ओमप्रकाश जायसवाल, अमरनाथ सेठ, साजिद अलीम सभासद, कृष्ण कुमार यादव सभासद, दिनेश यादव, मिशन जिंदगी के संयोजक दिलीप तिवारी, कमालुद्दीन अंसारी, इरफान मंसूरी, सुनील चौरसिया, गुड्डू केडिया, डा. जंगबहादुर यादव, राजीव सेठी, सुबाष गुप्ता, दीपचंद्र राम, रामआसरे मोदनवाल, डा. अरविंद सिंह, जमाल वासिद खां, जीसान खान, रेहान अंसारी, आदिल कुरैशी, आसिफ कुरैशी, मोनू सेठ सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मजहर आसिफ मशहूर शायर ने किया।

## उपलब्ध अग्निशमन व्यवस्थाओं को मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संपूर्ण उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में स्कीम नंबर 03 के तहत हॉस्पिटल/नर्सिंग होम्स की फायर ऑडिट इवैकुएशन ड्रिल कराए जाने विषयक आदेश के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे अयोध्या के आदेशानुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय के नेतृत्व में लीडिंग फायरमैन जयमूर्ति यादव,फायर सर्विस चालक राम प्रसाद पाण्डेय, फायरमैन सुनील तिवारी, फायरमैन जय प्रताप मौर्य आदि के द्वारा डॉक्टर हजारी लाल दया केयर सेंटर मोदहा, जीवन ज्योति मेडिकल सेंटर मोदहा, बाला जी हॉस्पिटल नवीन मंडी, राज राजेश्वरी हॉस्पिटल नहरबाग, माधव क्लीनिक आई हॉस्पिटल अंगूरी बाग, बाबा हॉस्पिटल मछली मंडी नियावां चौराहा का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया उपलब्ध अग्निशमन व्यवस्थाओं को चेक किया व उपस्थित चिकित्सक/स्टाफ व अन्य को आग से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया व माक ड्रिल कराई गई उपरोक्त के अतिरिक्त प्रशिक्षु अग्निशमन द्वितीय अधिकारी मिल्कीपुर नितेश शुक्ला, फायर सर्विस चालक दिनेश कुमार मिश्र, फायरमैन मनमोहन सिंह व अन्य स्टाफ के सहित मिल्कीपुर क्षेत्र के चिन्मय सर्जिकल सेंटर कुचेरा, ए के हॉस्पिटल इनायत नगर, स्वस्तिक सर्जिकल सेंटर इनायतनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इनायत नगर का अग्नि से सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया अग्नि से बचाव के बारे में बताया गया व मॉक ड्रिल कराई गई तथा पंपलेट आदि वितरित किए गए जिसका चिकित्सक व स्टाफ व अन्य लोगो द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक कर रही हैं महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में प्रतिदिन जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में "मिशन शक्ति" अभियान चलाया जा रहा है अयोध्या महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला ने जानकारी दी शहर की विभिन्न क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन, महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से अयोध्या महिला पुलिस द्वारा बालिकाओं/छात्राओं को 1090–वीमेन पॉवर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076 दृमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112–पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098–चाइल्ड लाइन, 102–स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा एन्टी रोमियो



टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदो द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

## राज्य कर विभाग की नजर अब शहर के बड़े कोचिंग संस्थानों पर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इन दिनों शहर में चल रहे बड़े कोचिंग संस्थानों पर अब राज्य कर विभाग नकेल कसने की तैयारी कर रहा है विभाग यहां संचालित सभी तरह के कोचिंग संस्थानों की सूची तैयार करने में लग गया है इसी के बाद इनके लिए आमदनी पर टैक्स देना अनिवार्य हो जाएगा सभी कोचिंग संस्थानों का जीएसटी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है बिना रजिस्ट्रेशन शहर में किसी भी तरह की कोचिंग का संचालन ना तो हो सकता है और ना ही कोचिंग की आय को छुपाकर टैक्स चोरी की जा सकेगी शहर में इस समय कोचिंग संस्थानों की बाढ़ सी आ गई है यहां न सिर्फ बीएससी एमएससी नेट जेआरएफ इंटरमीडिएट हाई स्कूल के विद्यार्थियों की कोचिंग संचालित होती है बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की भी कोचिंग चल रही है इनमें टीटी नेट पुलिस कलर पी सी एस सी पी एम टी इंजीनियरिंग एसएससी यूपी एसआई लेखपाल भर्ती परीक्षा की तैयारी कराई जाती है नाका क्षेत्र के अलावा बड़ी देवकाली सिविल लाइन रायबरेली रोड सुल्तानपुर रोड कोचिंग संस्थानों का हब बन गया है लेकिन अधिकांश कोचिंग का जीएस टीएन पंजीकृत नहीं है जबकि इन कोचिंग की मोटी आमदनी है कोचिंग संस्थान प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने वालों से मनमाना शुल्क भी वसूलते हैं राज्य कर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर संदीप तिवारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजकर जिले में संचालित कोचिंग की सूची मांगी है पत्र में उल्लेख है कि कोचिंग व्यवसाई तरीके से संचालित हो रही है अभ्यार्थियों से फीस वसूली जाती है जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि बिना पंजीकरण के कोचिंग संचालन नहीं किया जा सकता जल्द ही छापेमारी अभियान चलाया जाएगा अनियमित तरीके से कोचिंग का संचालन पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी इस तरह सरकार की नजर कोचिंग संस्थान पर है आने वाले दिनों में इन पर बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है काफी बड़ी संख्या में कोचिंग की ऐसी भी है जिसका पंजीकरण नहीं है।

## तारुन की ग्राम पंचायत गयासपुर में लगभग दस लाख का घपला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या ब्लाक की ग्राम पंचायत गयासपुर में अंतिम जांच में लगभग नव लाख 53 हजार रुपए का घपला प्रमाणित हुआ है घपले की धनराज की वसूली भू राजस्व की तरह करने का आदेश जिला अधिकारी नीतीश कुमार ने दिया है वसूली पूर्व प्रधान कुसुम संबंधी अवर अभियंता के अलावा चार पंचायत सचिवों से होनी हैं विकास कार्यों की जांच वाले कार्यकाल में पंचायत सचिव अभिमन्यु विश्वकर्मा माता प्रसाद महेंद्र वर्मा एवं भूपेंद्र सिंह तैनात बताई गई इनके कार्यकाल के अनुसार धनराशि की वसूली तय होगी जिला राज पंचायत अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह ने कहा है कि जांच वित्तीय वर्ष 2016–17 एवं 20 21 की है शिकायत गयासपुर के राम कुमार ने की थी प्रारंभिक जांच के लिए जिलाधिकारी ने दिसंबर 2019 में जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं सहायक अभियंता लघु सिंचाई को नामित किया गया था जांच में ज्यादातर शिकायतें प्रमाणित होने पर जिलाधिकारी ने अंतिम जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में कमेटी गठित की कमेटी का सदस्य अधिशासी अभियन्ता जलकल को बनाया था संयुक्त जांच रिपोर्ट में 953220 की वित्तीय अनियमितता मिली है यह नियंता सोलर लाइट स्टेट लाइट एवं हैंडपंप मरम्मत के बिल वाउचर के परीक्षण के आधार पर निकली इस जांच को पूरा होने में करीब ढाई वर्ष लगे शिकायतकर्ता राजकुमार ने हार नहीं मानी जांच पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक उन्होंने शिकायत की शिकायत करता के बढ़ते दबाव के बाद पूरी हुई जांच में वित्तीय अनियमितता के आरोप प्रमाणित हुए हैं।

## डीएम ने जनपद के समस्त सामुदायिक शौचालयों के नियमित और सतत संचालन सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डीएम नितीश कुमार ने जनपद के समस्त सामुदायिक शौचालयों के नियमित और सतत संचालन सुनिश्चित करने के दिये निर्देश। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त सामुदायिक शौचालयों के नियमित एवं सतत संचालन सुनिश्चित कराने के साथ ही सभी शौचालयों में नियमित साफ– सफाई सुनिश्चित करने हेतु डीपीआरओ, बीडीओ, सभी एडीओ, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व प्रेरकों को दिए निर्देश। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त शौचालयों के सुचारू रूप से संचालन व साफ–सफाई जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सभी खण्ड विकास अधिकारियों, सभी एडीओ व ग्राम पंचायत सचिवों व प्रधान की जिम्मेदारी है, सभी लोग अपने क्षेत्र से संबंधित शौचालयों का नियमित भ्रमण कर सभी शौचालयों के नियमित संचालन के साथ वहां बेहतर साफ–सफाई रखें। इसी के साथ ही उन्होंने समस्त शौचालयों में एक रजिस्टर में सभी उपयोगकर्ताओं की प्रविष्टियों को भी नोट करने के भी निर्देश दिए।

## 25 हजार का इनामी बदमाश तमंचे के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पुलिस ने सोमवार को तरैना पुल के पास से 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी जगत राम पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि गैंगेस्टर 25,000 इनामी अपराधी पिछले 1 वर्ष से फरार चल रहा था उरुवा पुलिस ने गिरफ्तार किया। इजहार अंसारी (35) के रूप में हुई है। वह राजगढ़ थाना गोला का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा बरामद किया है। वह लूट की घटना को अंजाम देने के फिराक में था। उससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार इजहार पर वर्ष 2021 में गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। तभी से वह



फरार चल रहा था। जिसके बाद उसपर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। उसकी एक गैंग है जो इलाके में घूमकर लोगों के मोबाइल,चेन आदि लूट लेता है। उसके खिलाफ गोला थाने में छह मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। गिरफ्तार करने वाले प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक उरुवा अजय कुमार मौर्य वरिष्ठ उपनिरीक्षक रविसेन सिंह यादव हेड कांस्टेबल अनिल सिंह यादव कांस्टेबल अनिल यादव का सरवन धर्मेंद्र कुमार यादव सम्मिलित रहे।

## गिव बैक टू कम्युनिटी फाउंडेशन के द्वारा इनेबल सुपर 60 के दूसरे चरण की हुई शुरुआत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गिव बैक टू कम्युनिटी फाउंडेशन के द्वारा गरीब तबके के बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए चलाए गए प्रोजेक्ट इनेबल सुपर 60 के दूसरे चरण की आज शुरुआत हुई। इसी क्रम में साहबगंज क्षेत्र स्थित साहब दीन सीताराम गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रोजेक्ट इनेबल सुपर 60 के तहत करीब 300 बच्चों ने शिरकत करते हुए बेसलाइन एग्जाम में हिस्सा लिया। बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे गरीब परिवार के प्रतिभाशाली और योग्य छात्रों को फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए गए स्मार्टफोन के माध्यम से ऑनलाइन पढ़ाई कराने के बाद प्रतिभाशाली बच्चों के चयन के लिए ये परिक्षा कराई गई। इस परीक्षा का उद्देश्य नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने के लिए योग छात्रों का समर्थन करना है। गिव बैक टू कम्युनिटी फाउंडेशन मलेशिया में स्थित किरण दीप संधू की प्रेरणा से चल रहा है और इसमें देवेश मोहन जोकि नोएडा के हैं सह संस्थापक हैं और इसमें स्थानीय प्रोजेक्ट लीडर के रूप में सौमित्र दुबे और रमेश आर फाइनेंस लीडर के रूप में शामिल हैं। गौरतलब है कि जीबीटीसी फाउंडेशन ने प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए नए छात्रों की भर्ती की घोषणा की थी और नामांकन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 मई थी। जीबीटीसी फाउंडेशन को अयोध्या जिले से 284 आवेदन प्राप्त हुए थे। साहिबदीन सीताराम गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रोजेक्ट इनेबल (सुपर 60) बेसलाइन टेस्ट आयोजित किया गया था। प्रोजेक्ट इनेबल (सुपर 60) बेसलाइन टेस्ट नवोदय विद्यालय प्रारूप पर 65 प्रश्न–वस्तुनिष्ठ और व्यक्तिपरक प्रश्न के साथ निर्धारित किया गया था। परीक्षण की अवधि 2 घंटे थी जिसे डॉ. अनामिका मिश्रा के नेतृत्व में कोर प्रबंधन टीम द्वारा प्रबंधित किया गया था। डॉ अनामिका मिश्रा की सहायता में निधि महेंद्र, निवेदिता उपाध्याय, डॉ सत्येंद्र गुप्ता, संपूर्णानंद सिंह, संतोष गुप्ता, अपर्णा द्विवेदी तथा पर्यवेक्षकों में– श्रुति मिश्रा, नीलम मन्ध्यान, अंजू सिंह, अनुपमा पांडेय, पंकज आर्य, आदर्श तिवारी, अंकिता बारी, सर्वेश तिवारी उपस्थित रहे। मनेंद्र अग्रवाल, मीरू सहाय, पुष्पा वर्मा, असगर अली, ज्योत्सना, राहुल मौर्य, राजेंद्र तिवारी, प्रेम प्रकाश, और अमित व नीलम ने परीक्षा में सहयोग किया। परीक्षा में बैठने वाले छात्रों को जीबीटीसी फाउंडेशन द्वारा जलपान प्रदान किया गया। मौके पर प्राथमिक उपचार की सुविधा भी की गई थी। बेसलाइन टेस्ट के परिणाम 30 मई 2022 तक घोषित किए जाएंगे।

## बारह मई को अयोध्या नगर में आयेगी भारतीय जन नाट्य संघ की पद यात्रा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय जन नाट्य संघ द्वारा गत 11अप्रैल से 22 मई तक देश के पांच राज्यों में ढाई आखर प्रेम की सांस्कृतिक यात्रा निकाल रही है। यात्रा 12 मई को अयोध्या नगर में पहुंचेगी। यात्रा में शामिल नाट्य कर्मी बस स्टेशन पर प्रस्तुति देने के बाद स्थानीय प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इप्टा के जनपद अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रेस क्लब में दोपहर 12बजे यात्रियों का स्वागत किया जाएगा। इसके लिए डा, रघुवंश मणि को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि फैजाबाद का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान विषय पर सूर्य कांत पाण्डेय का भाषण होगा। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा जनगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। यात्रा के आयोजन को कामयाब बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। समीति में डा, रघुवंश मणि,स्वप्निल श्रीवास्तव, सूर्य कांत पाण्डेय, अशोक कुमार तिवारी,राम तीर्थ पाठक, अयोध्या प्रसाद तिवारी, जसवंत अरोड़ा, मोतीलाल तिवारी,आर,डी आनन्द शामिल हैं। ढाई आखर प्रेम का सांस्कृतिक यात्रा का मकसद प्रेम जो उम्मीद जगाता है कि बंधुत्व,समता,न्याय,की पैरोकारी करता है,प्रेम जो कबीर बनकर पाखंड पर प्रहार करता हो,प्रेम जो भाषा, धर्म,जाति नहीं देखता और इन पहचानो से मुक्त होकर धर्म निरपेक्षता का आदर्श बन जाता है की स्थापना करना है।

## विधायक ने जलभराव की समस्या को लेकर अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने पिछले वर्ष हुए भारी बारिश में जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इस वर्ष बरसात से पहले नगरपालिका व खण्ड विकास अधिकारी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। गौरतलब है पुष्कर पुरम,रूदौली नगरपालिका पूरेकाजी,राम नगर कालोनी खैरनपुर व प्रकाश पुरम खैरनपुर में जलनिकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने से स्थानीय लोग परेशान हैं।इस समस्या से स्थानीय लोगों ने विधायक से शिकायत की। शिकायत के बाद विधायक राम चन्द्र यादव ने मामले को संज्ञान लेते हुए शनिवार की दोपहर संबंधित अधिकारियों के साथ कॉलोनी में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे।वहां पर उन्होंने सड़कों एवं गलियों पर भरे गंदे पानी व जलनिकासी की समस्या को देखते हुए नगरपालिका अधिकारियों को मौके पर बताते हुए उनको जल्द पानी निकासी के लिए नाले को बनाने के निर्देश दिए हैं।उक्त जलनिकासी को बरसात से पहले ही समाधान के लिए बड़े नाले व गलियों में नाली बनाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका ईओ रण विजय सिंह,जेई रिजवान अहमद,खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता,ग्राम प्रधान रिंकू यादव,नगर अध्यक्ष शेखर गुप्ता,शशिकांत मिश्रा,सचिन कसौंधान,भाजपा नेता शिवानन्द मिश्रा,संजय यादव,के.के कौशल,प्रमोद दृवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ ने दिए लेखपाल को निलंबित करने के आदेश : सम्पूर्ण समाधान दिवस में दर्ज 116 शिकायतों में 5 का निस्तारण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली तहसील सभागार में सीडीओ अनिता की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 116 शिकायते आई जिनमे पांच शिकायतों का निस्तारण मौके पर हो सका।एक अवैध कब्जे की शिकायत पर सीडीओ अनिता काफी नाराज हो गयी।उन्होंने तहसीलदार प्रज्ञा सिंह को लेखपाल अंकित सिंह को निलंबित करने का आदेश दिया। शनिवार को रूदौली तहसील के सम्पूर्ण समाधान में ग्राम अजरका में पशुचर की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत ग्रामीण रोहित मिश्र ने किया।जिस पर सीडीओ अनिता ने लेखपाल को तलब कर लिया है।लेखपाल ने बताया कि एक आवास विहीन महिला ने टिन शेड रख लिया है।लेखपाल के उत्तर से सीडीओ काफी नाराज हो गयी।उन्होंने तहसीलदार प्रज्ञा सिंह को लेखपाल अंकित सिंह को निलंबित करने का आदेश दे दिया।ग्राम ममरेज नगर निवासी रमेश चंद्र ने आम रास्ते की भूमि पर हुए अवैध कब्जा हटवाने की मांग की।भेलसर गांव निवासी शर्मा देवी पत्नी हर गोविंद ने राशन कार्ड के लिए बार बार आवेदन देने के बाद भी न बनने की शिकायत की।शाहरुख खान निवासी मुहामिद पुर ने उचित दर विक्रेता की दुकान के आवंटन में अनियमितता की शिकायत की।राम नेवल निवासी जाखौली ने चकबन्दी के आदेश के अमलदरामद के लिए शिकायती पत्र दिया।कमल प्रकाश निवासी धधवारा ने तहसीलदार रूदौली के न्यायालय की पत्रावली तलाश के लिए शिकायती पत्र दिया।मखदूम जादा रूदौली निवासी मुस्लिमुन निसा ने पेंशन के लिए आवेदन किया।सर्वाधिक शिकायतें चकरोड पैमाइश व अवैध कब्जों की रही।इस मौके पर बीडीओ मोनिका पाठक,अखिलेश गुप्ता,सीओ सुरेंद्र तिवारी,प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव,थानाध्यक्ष विवेक सिंह,एसएसआई आरसी यादव,अवर अभियंता विकासपाल,प्रभारी सीडीपीओ मवई व रूदौली सिध्दि धात्री पाण्डेय,अधिशासी अधिकारी रण विजय सिंह,पूर्ति निरीक्षक विनोद यादव,नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार,राजस्व निरीक्षक विश्वनाथ सिंह,राम दुलारे तिवारी सहित अन्य अफसर व कर्मचारी मौजूद रहे।

## विद्युत स्पर्शाघात से वृद्ध महिला की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इनायत नगर थाना क्षेत्र के रेवना गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से 70 वर्षीय वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई है घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में इनायत नगर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायतनगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवना में 70 वर्षीय वृद्ध महिला चंद्रावती पत्नी श्रीधर मिश्रा शौच के लिए निकली थी। गांव के बगल में स्थित खेत में जितेंद्र कुमार उर्फ तन्नू, सोनू, अजय, पुत्रगण अमरनाथ मिश्रा ने अपने खेत के चारों तरफ लगाए गए कटीले तारों में विद्युत करंट प्रवाहित कर दिया था। जिसकी चपेट में आने से चंद्रावती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लोगों का आरोप है कि जितेंद्र के द्वारा कई दिनों से खेत में विद्युत करंट लगा दिया जाता था। जिसकी वजह से कुछ दिन पूर्व दो गाय भी करंट की चपेट में आने से मर गई थी। इसके बावजूद जितेंद्र ने विद्युत करंट को नहीं हटाया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज उप निरीक्षक यशवंत द्विवेदी ने वृद्ध महिला के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त मामले में महिला के बेटे राजमणि की तहरीर पर सोनू, अजय और जितेंद्र पुत्रगण अमर नाथ मिश्रा विरुद्ध धारा 304 ए आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## स्नेहम सेवा संस्थान का मातृदिवस के शुभ अवसर पर हुआ शुभारम्भ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी में संस्थाओ के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का उद्देश्य लिए मातृदिवस के शुभ अवसर पर समाजसेवी संस्था स्नेहम् सेवा संस्थान का शुभारंभ लखनऊ के सुप्रसिद्ध हनुमान सेतु मंदिर में किया गया। पूजा अर्चना के बाद आसपास के निर्धन बंधुओ में तहरी वितरण किया गया। संस्था के



महासचिव कमलेश चंद्र वर्मा ने बताया कि संस्था को बनाने का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों की सेवा पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ शिविर, सामाजिक जागरूकता से जुड़े प्रत्येक कार्य शामिल है। इस मौके पर संस्था की संस्थापिका अनीता वर्मा ने बताया कि उनकी टीम निर्धन आय वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने हेतु रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी मनोज सिंह चौहान, सचिव विपिन कुमार वर्मा ,कोषाध्यक्ष सीमा वर्मा,कार्यकारिणी सदस्य राजेश शर्मा, सुदीप्ता, शत्रोहन लाल वर्मा,सुनील कुमार वर्मा, समाजसेविका हेमलता त्रिपाठी, स्वरा त्रिपाठी,अधिवक्ता पीयूष कुमार दुबे मौजूद रहे।

## प्रथम पुण्यतिथि पर जनसेवा के साथ याद आए बाबू इच्छा राम सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उर्मिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कोट सराय के संस्थापक स्वर्गीय इच्छा रामसिंह के प्रथम पुण्यतिथि पर बृहद साड़ी वितरण ब्लड डोनेशन एवं हेल्थ चेक आप कैंप के साथ उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण पूर्व विधायक जितेन्द्रसिंह बबलू ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक की माता उर्मिला सिंह पत्नी अनीता सिंह चेयरमैन उर्मिला ग्रामीण शिक्षण संस्थान मनोज कुमार सिंह गुड्डू पूर्व सदस्य विधान परिषद ने ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर 3500 जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरण लंदन फेलो डॉक्टर सौरभ सिंह अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ अंकिता सिंह चंदन हॉस्पिटल दिव्या मेहंदीरत्ता दिव्य हॉस्पिटल तथा प्राथमिक उपचार के लिए डॉक्टर चंदन पाठक डॉक्टर मनीष कुमार सिंह द्वारा फ्री रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।इस अवसर जिसमें मरीजों को फ्री स्वास्थ्य सेवाएं और दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर उर्मिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के प्रबंधक सूर्य प्रताप सिंह द्वारा भोज आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समस्त परिवार जन विनय कुमार सिंह विनोद कुमार सिंह दिनेश कुमार सिंह राकेश कुमार सिंह पृथ्वीराज सिंह एवं समस्त विद्यालय स्टाफ मित्रगण गणमान्य जनप्रतिनिधि ने भारी संख्या में भाग लेकर पुष्पांजलि अर्पित किया।

## जुलाई माह में ब्लाक मया एवं हैरिंगटन गंज के संगठनात्मक होगें चुनाव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जुलाई माह में ब्लाक मया एवं हैरिंगटन गंज के संगठनात्मक चुनाव होंगे। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने कमेटी गठित कर 20 मई तक सदस्यता अभियान पूरा किए जाने का निर्देश दिया।इस बाबत तैयारी हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता नीलमणि त्रिपाठी तथा संचालन जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने किया। बैठक में संगठन को गतिशील एवं मजबूत बनाने के लिए व्यापक विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की स्वीकार्यता और प्रासंगिकता इसीलिए है क्योंकि संगठन शिक्षकों के बीच संपर्क कर सदस्यता अभियान चलाता है और उनके हितों के लिए संघर्ष करता है। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने कागजी अभियान से परहेज करते हुए शिक्षकों के बीच जाकर वास्तविक सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया, और अनुशासनात्मक कार्यवाही से बचने के लिए चेताया। ब्लॉक मया में सदस्यता अभियान हेतु जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, जिला संगठन मंत्री शैलेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा, मंत्री पंकज पांडे, कोषाध्यक्ष शमशाद अहमद, पूर्व कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सहाय, शिक्षक नेता पवन तिवारी एवं अनीश लाल श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया गया। ब्लॉक हैरिंग्टनगंज में जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव एवं संतोष द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष राम निहाल यादव, कोषाध्यक्ष जामवंत , पूर्व ब्लॉक मंत्री सरवरे आलम, शिक्षक नेता हनुमान सिंह सदस्यता अभियान के प्रभारी बनाए गए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, संतोष द्विवेदी, संतोष यादव, जिला संगठन मंत्री शैलेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा, रामदयाल यादव राम निहाल यादव ब्लॉकमंत्री पंकज पांडे, कोषाध्यक्ष जामवंत, अशोक कुमार, आलोक यादव, कृष्ण कुमार पांडे, पवन तिवारी, हनुमान सिंह आदि उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।